सब का भला मेरे राम जी करें

सब का भला मेरे राम जी करें

मांगे सबकी खैर बाबा, सब का भला मेरे राम जी करें
एक राम की सारी राया, एक हवा और पानी
एक ही ज्योति जले सबहि में, क्यों नहीं सोचे प्राणी
मन की आँख से देख रे भैया, कोई नहीं है गैर बाबा || 1 ||
सब का भला मेरे राम जी करें

चार दिनों के जीवन को तू,रंग ले प्यार के रंग में
मोह माया में बांधना नाही, ले जाना क्या संग में
शुभ कर्मो से भर ले झोली, कर ले जग की सैर बाबा || 2 ||
सब का भला मेरे राम जी करें

राम है दाता सारे जग का, उसकी देन है भारी
बिन मांगे वो झोली भरता, ऐसा है उपकारी
उसके नाम का सुमिरन कर के, भव सागर से तैर बाबा || 3 ||
सब का भला मेरे राम जी करें

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34400/title/ramji-sabka-bhala-karein

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |